ENERGY FOR EVER

इरेडा
IREDA

ONCE IREDA ALWAYS IREDA
*(A Navratna CPSE)*

## प्रेस विज्ञप्ति

# इरेडा ने परपेचुअल बॉण्ड्स के ज़रिए ₹453 करोड़ जुटाए गए, इश्यू 2.69 गुना अधिक सब्सक्राइब हुआ

नई दिल्ली, 11 सितंबर 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज अपने दूसरे परपेचुअल बॉण्ड्स के ज़रिए 7.70% प्रति वर्ष की दर पर ₹453 करोड़ जुटाए हैं, जोकि हरित ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए अपने पूंजी आधार को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस इश्यू में निवेशकों ने गहरी दिलचस्पी दिखाई और 100 करोड़ रुपये के बेस साइज और 400 करोड़ रुपये के ग्रीन शू विकल्प की तुलना में कुल 1,343 करोड़ रुपये की बोलियाँ प्राप्त हुईं। इसके परिणामस्वरूप 2.69 गुना अधिक अभिदान प्राप्त हुआ, जोकि भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के एक अग्रणी वित्तपोषक के रूप में इरेडा की भूमिका में बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

धन जुटाने के बारे में संदेश देते हुए , **इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि**, "ये बॉण्ड्स हमारी टियर-I पूंजी को मज़बूत करेंगे और नवीकरणीय ऊर्जा के लिए वित्तपोषण को बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे, जिससे भारत का हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर परिवर्तन में तेजी होगा। मैं सभी निवेशकों को उनकी ज़बरदस्त प्रतिक्रिया और इरेडा पर निरंतर विश्वास के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ, जोकि हमें नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र और राष्ट्र को और भी अधिक मूल्य प्रदान करने के लिए प्रेरित करता है।"

इन परपेचुअल बॉण्ड्स की अतुल्य विशेषताएँ हैं, जिनमें कोई परिपक्वता या मोचन शामिल नहीं है, और इन्हें केवल कंपनी के विकल्प पर ही वापस लिया जा सकता है। ये प्रतिभूतियाँ बॉण्ड के जीवनकाल में एक बार 50 बेसिस अंकों के स्टेप-अप के साथ 7.70% वार्षिक कूपन प्रदान करती हैं, यदि 10 वर्षों के बाद वापस नहीं ली जाती हैं। शेयर पूंजी के बाद वरिष्ठ रैंकिंग वाले, ये हाइब्रिड साधन इक्विटी जैसी विशेषताएँ प्रदान करते हैं और साथ ही इरेडा को पूंजी का एक स्थिर, दीर्घकालिक स्रोत प्रदान करते हैं।

****************